भाव वर्गोत्तम: लग्न कुंडली के बारह भावों में, जो ग्रह जिस किसी भाव में स्थित होगा, यदि नवांश कुंडली के उसी भाव में वह ग्रह दिखता हो तो उसे "भाव वर्गोत्तम" कहा जायेगा। उस खास भाव संबंधित बाबतों के फल में बढ़ौती अनुभव होगी।

अत: इस प्रकार राशि वर्गोत्तम (मन), तत्व वर्गोत्तम (वचन) और भाव वर्गोत्तम (कर्म), अर्थात मनसा-वाचा-कर्मणा... एक समान मन -विचार व कर्म का आचरण करनेवाले कहा गया है।

इसके अतिरिक्त ग्रहों के उच्च व नीच स्थिति के विषय में भी देखे तो हमें ज्ञात होता है कि, जो ग्रह लग्न कुंडली में उच्चस्थ हो, किन्तु नवांश में नीचस्थ हुआ हो, तो वह बाहरी तौर पर तो मजबूत दिखाई देता है, परंतु अंदर से निर्बल माना जायेगा। इसलिए अपनी दशा - अंतरदशा के समय में अच्छा फल नहीं दे पायेगा।

ग्रह लग्न कुंडली में नीच का हो, नवांश कुंडली में अपनी उच्च राशि में बैठा हो। वह बाहर से निर्बल, किन्तु अंदर से मजबूत होता है। दशा - अंतर दशा एवम् गोचर दरम्यान अच्छा फल देने की क्षमता वाला होता है।

ग्रह जब भी दोनों ही कुंडलीयों में नीचस्थ स्थिति में होगा, अर्थात उसकी फल देने की क्षमता नहीं के बराबर होगी।

वहीं, दोनों ही कुंडलीयों में अपनी उच्च राशि स्थित ग्रह अधिकतर बल प्राप्त करेगा, व राजयोग के समान पूर्ण फल दाता बनेगा। अति शुभ फल की प्राप्ति करायेगा।

वर्गोत्तम ग्रहों का अभ्यास करते समय एक और महत्वपूर्ण बात जानने मिली। ज्योतिष शास्त्र में पुष्कर नवांश की तुलना "पलाश वृक्ष" से की गई है। पलाश एक ऐसा वृक्ष है जिसके नारंगी - लाल रंग के आकर्षक फूल होते है। पलाश को आयुर्वेद में औषधीय प्रयोजनों के लिए उपयोग में लिया जाता है। और इसके फूल, छाल, पत्तीयां व बीज का उपयोग अलग-अलग बिमारीयों के इलाज हेतु किया जाता है। पलाश एक पवित्र वृक्ष माना जाता है। और कई धार्मिक अनुष्ठानों में भी इसका उपयोग किया जाता है। तत् पश्चात यह भी ज्ञात हुआ की ग्रहों के पुष्कर नवांश भी हमें इसी प्रकार शुभ फलों की प्राप्ति देते है और सुख दायक होते है। आइये देखते है, पुष्कर नवांश किसे कहते है।

उपर दर्शाये गये चारों तत्वों की प्रत्येक राशि में दो-दो पुष्कर नवांश होते है।

तदोपरांत उत्तम प्रकार के पुष्करांश की बात करें तो,

■ अग्नि तत्व की मेष-सिंह-धनु राशियों में
सातवाँ - तुला नवांश (२०° ००' - २३° २०') २३° २०'
नौवाँ -धनु नवांश (२६° ४०' - ३०° ००')

■ पृथ्वी तत्व की वृष -कन्या-मकर राशियों में-
तीसरा-मीन नवांश (०६° ४०' - १०° ००')
पाँचवा -वृष नवांश (१३° २०' - १६° ४०')

■ वायु तत्व की मिथुन -तुला-कुंभ राशियों में -
- छठा - मीन नवांश (१६° ४०'- २०° ००')
- आँठवा - वृष नवांश (२३° २०' - २६° ४०')

■ जल तत्व की कर्क - वृश्चिक - मीन राशियों में-
- पहला - कर्क नवांश (००° ००' - ०३° २०')
- तीसरा - कन्या नवांश (०६° ४०' - १०° ००')

अग्नि तत्व की राशियों के लिए २१°
पृथ्वी तत्व की राशियों के लिए १४°
वायु तत्व की राशियों के लिए २४°
और जल तत्व की राशियों के लिए ०७°

उत्तम पुष्करांश माने जाते है। किसी भी उच्च के ग्रह, या राजयोग के बराबर शुभतिशुभ फल देने की क्षमता रखते है।

किसी भी लग्न कुंडली में चंद्र का राशिपति, चंद्र से उपचय स्थान में (३-६-१०-११) बैठा हो... अपनी पुष्कर नवांश की राशि में हो... तो वैसा ग्रह उत्तमोत्तम वर्गोत्तमी जैसा फल देने की क्षमतार वाला बन जाता है। चाहे वह कोई अशुभ या क्रुर ग्रह होगा तो भी अशुभ फल की कमी करके शुभत्व को बढ़ायेगा।

अंततः सरल भाषा में कहना हो तो युं कह सकते है, कि जिस प्रकार उपजाऊ जमीन में बोया गया बीज समय के चलते वृक्ष बनकर अच्छे, मीठे और रसीले फल हमें देने लगता है, ठीक उसी प्रकार यह पुष्कर नवांश जैसे उपजाऊ जमीन है और उसमें बोया गया बीज याने ग्रह। जो समय के चलते अपनी दशा-अंतरदशा और सहायक गोचर के दौरान अच्छे शुभ फल का अनुभव कराके जातक को सुखी व पुलकित करते है।

हरी ॐ

अभ्यासी - **वर्षा धीरज रावल**

बीमारी से मुक्ति कब तक मिल सकती है ?

जब कोई रोग या बीमारी आकर किसी जातक को घेर लेती है तो वह हमें शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रुप से मुख्य रुप से दिक्कत देते है। कोई भी व्यक्ति हो वह बीमारी -रोगसे ग्रासित नही रहना चाहता है, क्योंकी स्वास्थ ही जीवन का पहला सुख है। आज इसी विषय पर बात करेंगे। यदि कोई भी किसी भी तरह की बीमारी - रोग है तो क्या उनसे मुक्ति मिल पायेगी, बीमारी - रोग ठीक हो पायेगा और ठीक हो पायेगा तो कब तक आदि

किसी भी रोग - बीमारी बिल्कुल ठीक होने के लिए रोग - बीमारी से मुक्ति के लिए जिससे रोग - बीमारी हमेशा के लिए ठीक हो जाये और जातक- जातिका हमेशा के लिए ठीक हो जाये और जातक - जातिका हमेशा स्वस्थ रहे इसके लिए लग्न-लग्नेश और छठा भाव- छठे घर का स्वामी अच्छी अवस्था में होना चाहिए, कारण क्यों की लग्न और लग्नेश जातक-जातिका का शरीर है और रोगोंसे लडने की शक्ति देता है। शरीरको ही रोग-बिमारी होती है साथ ही छठा भाव रोगों मुक्ति का है कि कितनी जल्दी रोग से मुक्ति मीलेगी या लंबा समय लगेगा, किसी भी रोग को ठीक होने मे कितना समय लगेगा, यह छठा घर और इसका स्वामी की स्थिति बताएगी, एक तरहसे छठा भाव जातक-जातिका के रोग प्रतिरोधक क्षमता को दर्शाता है।

जो भी जातक-जातिका अस्वस्थ रहते है, किसी न किसी बीमारी ने ग्रसित कर रखा हो या कोई बड़ी बीमारी है उनका इलाज चल रहा और वह कब ठीक होगी यह सब लग्न-लग्नेश और छठे भाव के स्वामी की बलवान स्थिति तय करेगी, यह दोनों भाव और भावेश बलवान- शुभ होंगे तब कितनी भी बड़ी बीमारी-रोग किसी भी तरह का क्यों न हो ठीक हो जायेगा इलाज से इसके विपरीत जब छठा भाव और लग्न लग्नेश अशुभ कमजोर हुआ तब वर्षो तक दवाईयाँ खाते रहने पर भी बीमारी पूरी तरह ठीक नहीं होती, ऐसी स्थितिमें लग्न को बलवान करना चाहिए और छठे भाव और भावेशको शुभ और परिस्थिती अनुसार बलवान करनेके उपाय। अब कुछ उदाहरणोंसे समझते है। कैसे बीमारी ठीक हो सकती है या नहीं, और होगी तो कब तक आदि।

उदाहरण : १ जैसे कि वृषभ लग्न की कुंडली किसी बीमार या रोग-बीमारी से ग्रसित जातक-जातिका की बने, तब यहाँ लग्न का स्वामी भी शुक्र बनेगा और छठे घर का स्वामी भी शुक्र बनेगा, अब यहाँ मुख्य रुप से रोग - बीमारी को ठीक करना, या रोग देना यह सब शुक्र पर निर्भर करेगा , यदि शुक्र अशुभ भावगत होकर पीडीत हुआ तब एसे जातक को रोग और बीमारी जल्दी पकडेगी, क्योंकि यहाँ लग्नेश और छठे घर का स्वामी शुक्र हो, अब यहाँ रोग से मुक्ति तब संभव होगी जब शुक्र बलवान हो और केंद्र या त्रिकोणमें अपने मित्र ग्रहों के साथ हो, जैसे कुंडली के छठे भावमें ही हो लेकिन अपने मित्र बुध शनि आदि के साथ होगा तब जातक को बीमारी-रोग होने पर इलाज कराने पर जल्दी फायदा मिलेगा।

उदाहरण : २ जैसे की कर्क लग्न का स्वामी चन्द्र होता है, साथ ही छठे घरका स्वामी गुरु ग्रह होगा, अब यहाँ लग्नेश चन्द्र कमजोर होकर छठे घर में ही चला जाये और गुरु जो कि रोग भाव, छठे भानका स्वामी सातवे घरमें बैठकर लग्नको देखेगा तब एसा जातक-जातिका बीमारी रोग से ग्रसित ज्यादा रहेंगे क्योंकी लग्नेश चन्द्र खुद छठे घर- रोग के घरमें, हर रोग भावका स्वामी गुरु सातवे घर में नीच होकर लग्नको देखकर बीमारीको बढ़ाती हैं, ऐसी स्थितिमें जातक-जातिका को बीमारीयाँ ग्रसित रखती है, यहाँ चन्द्रमा को बलवान करने और गुरु की शांती के उपाय करने से ही रोग बीमारियों से मुक्ति मिलेगी, वरना कमजोर गुरु चन्द्र एसी स्थात्में रोग बीमारी बनाये रखेंगे।

नोटः जैसा कि उपर अभी बताया, लग्न लग्नेश, अशुभ स्थिति में भी हो और छठा घर और इसका स्वामी भी अशुभ स्थितिमें होगा तो रोग बीमारी तो रहेगी। लेकीन लग्न लग्नेश बलवान होगा सुर महादशा-दशा शुभ होगी तब बीमारी ठीक भी हो जायेगी, छठा घर इसका स्वामी अच्छी अवस्थामें होगा तब बीमारी रोग जल्दी ठीक हो जाता है।

अब बात करते है, क्या रोग बीमारी पर ज्यादा रुपया पैसा खर्च कब होता है और देरसे रोग क्यों ठीक होता है।

उदाहरण :३ तुला लग्नमें जैसे कि लग्नेश शुक्र होता है और छठे घर का स्वामी गुरु और धनभाव का स्वामी मंगल होता है अब यहाँ जैसे कि गुरु के साथ शुक्र संबंध बनाकर जैसे युति करके छठे घरमें बैठाहो या दोनोका किसी भी घरमें संबंध हो, शुक्र गुरुका और लग्न पर या लग्नेश शुक्र पर पाप ग्रह की दृष्टी हो जैसे शनि राहु या केतुकी तब ऐसा जातक - जातिका बीमारी ग्रसित रहेंगे क्योंकी रोगकी उत्पती हो रही लग्न लग्नेश शुक्रके पीडीत होने और छठे घर स्वामी गुरुसे संबंध होनेसे अब यहाँ दूसरे घर या दूसरे घरके स्वामी मंगल का संबंध शुक्र गुरु के संबंध से बन जाये, या शुक्र गुरुका एक साथ संबंध दूसरे से बनेगा जैसेकी शुक्र गुरु दुसरे ही घरमें पीडीत होकर बैठेंगे तब यहाँ रोग बीमारी पर पैसा ज्यादा खर्च होगा क्योंकि यहाँ रोग का संबंध लग्नेश - छठे घरके स्वामीका संबंध धनभाव या धन भावके स्वामी मंगलसे हो गया है। कम शब्दोमें कहुँ तो जब रोग, बीमारी होनेपर छठे घर या छठे घरके स्वामी लग्न या लग्नेश का संबंध दूसरे भाव या दुसरे भाव से भी हो जाता है तब रोग बीमारी रूपया पैसा ज्यादा खर्च होता है ऐसी स्थितिमें मेडीक्लेम जरुरी होता है और बीमारी से मुक्ति के उपाय करना ही ज्यादा अच्छा रहता है जिससे रोग - बीमारी न बैढें और रुपया पैसा बीमारी पर ज्यादा खर्च न हो।

जब भी लग्न और लग्नेश बलवान होगा और छठा भाव छठे भाव स्वामी बलवान और शुभ स्थितिमें होगा तब ऐसे जातक -जातिका को किसी भी तरह की बीमारी होने पर जल्दी ठीक हो जाती है।

लग्न लग्नेश और छठे भाव की शुभ स्थितिमें हमेशा निरोगी बनाकर रखेगी, जिन जातक -जातिका का लग्न लग्नेश, छठा भाव छठे भावका स्वामी बलवान होंगे उन जातक - जातिका के बडे से बडा रोग ठीक हो जाऐगें, इनके कमजोर होने पर रोग - बीमारी से लंबे समय तक लडना पडता है ऐसे में इन दोनो भाव-भावेश को बलवान करने का ही उपाय बीमारीको नष्ट कर देता है। बीमारी क्या होगी, यह लग्न लग्नेश और छठे घर पर पडने वाले ग्रहोंके अशुभ प्रभाव और लग्न लग्नेका संबंध किस भावसे है, छठे घर के स्वामी पर जिन ग्रहका प्रभाव होगा उन्ही ग्रहोंसे संबंधित बीमारी रहेगी, छठे घटनाओंका दर्द हो, पेट की दिक्कत, आँख की बीमारी आदि।

डॉ. हरीलाल मालदे
F.R.M.P., G.R.M.P., SBM

हस्तरेखा : प्रभावी रेखाओं का महत्व

जब कोई रेखा मुख्य रेखा या प्रधान रेखा के साथ सहायक रेखा के रुप में दिखती है तो उस मुख्य या प्रधानरेखा को अतिरिक्त बल मिलता है। यदि प्रधान या मुख्य रेखा कीसी जगह टुटी हुई हो तो वहाँ अतिरिक्त रेखा वो मुख्य रेखा के दोषो का निवारण करती है। यदि मुख्य रेखा अंतमें 'व्दीमुखी' हो जाती है, तो उस रेखा को अतिरिक्त बल म्लता है। लेकीन जातक का स्वभाव व्दीमुखी हो जाता है। ऐसा मस्तक रेखा के संदर्भ मे देखा जाता है। यदि मुख्य रेखा के अंतमें गो पुच्छ बनता हो तो यह स्नायवीक बिमारी दर्शाता है। ऐसा जीवन रेखा के अंत में देखा जा सकता है। यदि कोई रेखा मुख्य रेखा से निकलकर उपर की तरफ जाती हो तो वह अच्छी निशानी है। और कोई रेखा मुख्य रेखा से नीचे की तरफ जाती हो तो वह अशुभ माना जाता है। जो अच्छा फल नही देती जैसे की,

ह्यदय रेखा परसे उपर की तरफ जाने वाली रेखाए जातक को प्रेम में उनती दर्शाती है, लेकिन नीचे की ओर जाने वाली रेखा प्रेम मे असफलता दिलाती है। मस्तक रेखा पर से उपर की ओर जाने वाली रेखाए जातक को चतुर, सफल और महत्वकांक्षी बनाती है। भाग्य रेखा से उपर जानेवाली रेखा जीवनमें सफलता दिलाती है। चेन या जालीदार रेखाए, टुटी रेखाए, लहेरदार या पतली रेखाए इनकी अवस्था से फल देती है। यहाँ यह याद रखना जरुरी है की हस्तरेखा शास्त्र में छोटी से छोटी रेखा का महत्व कम नहीं होता।

जीवन रेखा से निकलनेवाली शाखाए और उनका प्रभाव :

जीवनरेखा और मस्तक रेखा के बीच सही अंतर हो तो जातक स्वतंत्र विचारक होता है। दोनो के बीच अंतर ज्यादा हो तो जातक अधिक आत्मविश्वासी, दुस्साहसी, आवेश या जोश से भरा हुआ, जल्दबाज होते है। जीवनरेखा, मस्तक रेखा और ह्यदय रेखा तीनो एकही स्थान से निकलती हो तो यह जातक के लिये अच्छा नही होता। जीवन रेखा से एक शाखा चंद्र की और जाती हो तो जातक को जीवनमें अधिक प्रवास, पर्यटन कराता है। वह एक जगह पर टीक नही सकता, जीवन रेखा से कोई शाखा गुरु पर्वत पर

जाती हो तो जातक की पदोन्नती होती है। उसकी महत्वकांक्षाए पूर्ण होती है। जीवन रेखा से कोई शाखा शनी पर्वत पर जाकर भाग्यरेखा से मिलती है तो जातक को धमनलाभ होता है। सांसारीक ईच्छा की पूर्ती होती है, लेकिन उसके लिए जातक को परिश्रम करना पडता है। जीवन रेखा की शाखा सूर्य पर्वत पर जाए तो जातक को विशीष्ट प्रकार के लाभ के अवसर प्रदान होते है। जीवन रेखा की शाखा बुध पर्वत पर जाए तो वर्गाकार हाथमें व्यापरिक सफलता, चमच आकार हाथ में आविश्कारक सफलता, शंकु आकार हाथमें आर्थिक सफलता प्राप्त होती है जो जुआ, सट्टा और व्यापार में जोखिम लेनेसे मिलती है। शुक्र पर्वत से निकलकर जीवन रेखा को काटकर बाहर की और जानेवाली रेखाए जातक के विरोधिओ को दर्शाती है। ऐसी रेखाए सिर्फ जीवन रेखा को ही काटती है तो जातक के विरोधी सिर्फ जातक के जिवन में ही हस्तक्षेप करते है। ऐसी रेखा भाग्य रेखा कोभी काटती है तो विरोधी जातक के व्यवसाय में भी नुकसान करते है और अन्य सांसारिक चीजों में भी विरोध करते है। यही रेखाए मस्तकरेखा पर पहोंचती हो तो वह जातक के मन और विचारो पर प्रभाव डालती है। ह्यदय रेखा पर पहोंचती है तो जातक के प्रेममें हस्तक्षेप होता है। इसकी गिनती रेखा जीवन रेखा को जहाँ से काटती है वहाँ से होती है। यही रेखाए सुर्य रेखा को काटे तो विरोधी जातक की प्रतिष्ठा को हानी पहुंचाते है। जीसके कारण बदनामी का डर रहता है और इसके आत्मसन्मानको भी ठेस लगती है। यही रेखा विवाह रेखा को काटे ता शादीमें रुकावट या विरोध होता है और आरोग्य रेखा को काटे तो आरोग्य की हानी होती है। इस तरह छोटी से छोटी रेखाए जीवनमें जबरजस्त तुफान ला सकती है। तो हस्तरेखा के विद्यार्थी फलकथनमें इन छोटी - छोटी बातो का ध्यान रखें और अच्छे से फलकथन करे। अस्तु....।

जयेश वाघेला

मुहूर्त - शास्त्र (तारा - चक्र)

आज हम देखेंगे तारा–चक्र को किस तरह से हमे बनाना है। हम किस तरह से तारा-चक्र का इस्तेमाल करें। पहले हम तारा-चक्र बनाना सिखेंगे। यहाँ हमे नक्षत्र का उपयोग करना है। तारा-चक्र के नौ विभाग होते है।

१) जन्म २) सम्पत ३) विपत ४) क्षेम ५) प्रत्यरी ६) साधक ७) वध ८) मित्र ९) अतिमित्र

किसी जातक का जन्म स्वाति नक्षत्र में हुआ हो तो उसका तारा-चक्र बनाते समय हमें जन्म के नीचे स्वाति लिखना है। सम्पत के विभाग मे स्वाति के बाद का नक्षत्र जो विशाखा है वो लिखना है। इस तरह से नौ विभाग पूर्ण करके फिर से जन्म के विभाग मे स्वाति के नीचे शततारा लिखना है। इस तरह से आगे बढ़ते हुए २७ नक्षत्र को हमे मौ विभाग में लिखने है। आईए देखते है तारा-चक्र

तारा - चक्र

जन्म	संम्पत	विपत	क्षेम	प्रत्यरी	साधक	वध	मित्र	अतिमित्र
स्वाति	विशाखा	अनुराधा	जेष्ठा	मूळ	पू. षा	उ.षा	श्रवण	घनिष्ठा
शततारा	पू. भा.	उ. भा.	रेवती	अश्वीनी	भरणी	कृतिका	रोहिणी	मृगशीर्ष
आद्रा	पुनर्वसु	पुष्य	आश्लेषा	मधा	पू. फा	उ.फा	हस्त	चित्रा
राहु	गुरु	शनि	बुध	केतु	शुक्र	सूर्य	चंद्र	मंगल

इस तरह से हमे अपने खुद के जन्म के नक्षत्र को लेकर तारा-चक्र बनाना है। अब हम तारा-चक्र से शुभ - अशुभ फल देखेंगे। जन्म के विभाग मे आनेवाले नक्षत्र जातक का नेचरल फल देंगे। सम्पत विभाग मे आनेवाले नक्षत्र जातक को शुभ फल देते है। विपत विभाग मे आनेवाले नक्षत्र अशुभ फलदायी है। क्षेम विभाग मे आए हुए नक्षत्र नेचरल फल देते है। प्रत्यरी विभाग के नक्षत्र जातक के लिए अशुभ होते है। साधक विभाग मे आनेवाले नक्षत्र भी नेचरल फल देते है। यह देरी से फल देते है। वध विभाग के नक्षत्र जातक के लिए बहुत ही अशुभ माने जाते है। मित्र विभाग मे आनेवाले नक्षत्र शुभ फल देते है। अतिमित्र विभाग में बैठे हुए नक्षत्र अति शुभ फलदायी होते है।

१-४-६ विभाग में आनेवाले नक्षत्र नेचरल है। तो बहुत ही आवश्यकता हो तो ही इन नक्षत्र मे शुभ कार्य की शुरुवात करें।

व्यापार संबंधित या कोई शुभ कार्य करना हो तो २-८-९ विभाग मे आनेवाले नक्षत्र में करना चाहिए जिससे हमे पूर्ण रुप से शुभ फल की प्रप्ति हो।

३-५-७ विभाग के नत्रज्ञ अशुभ फल देने वाले है। इसलिए इन नक्षत्रो में शुभ कार्य की शुरुवात नही करनी चाहिए।

इस तरह तारा-चक्र का इस्तमाल करके हम शुभा-शुभ फल जान सकते है।

।। अस्तु ।।

संकलन : **श्रीमती रुपल दमणीया**

दशा - आंतरदशा

ज्योतिषशास्त्र में अनेक दशायें अस्तित्व में हैं। ज्योतिष शास्त्र में विवध शाखाएँ है, उनमे विवध दशाओ का प्रयोग होता है। यह दशाये आत्मा, देह आयुष्य और कुछ मानसिक स्तर से जुडी है। विवध शाखाओं मे विवध दशाओं का प्रयोग होता है। यह दशाये कैसे पहचानते है ? हम से यह दशाये विवध प्रकार से जुडी है। सब दशाओं की एक अवधि निश्चित होती है। ग्रहो को विवध वर्षो मे बांटा गया है।

फल कथन के लिए वर्तमान समय(युग) के ज्योतिष आचार्यो का विशोंत्तरी दशा का उपयोग सुचित किया है। विशोंत्तरी दशा से हम सटीक भविष्य कथन कर सकते है।

दशायें ६० प्रकार की है। यहाँ कुछ निम्न प्रकार की दशायें दी गयी है।

१) विशोंत्तरी दशा : अवधि १२० वर्ष २) अष्टोत्तरी दशा : अवधि १०८ वर्ष ३) योगिनी दशा : अवधि ३६ वर्ष ४) कालचक्र दशा : अवधि ८३ वर्ष ५) स्थूलकाल दशा : अवधि जन्म से मृत्यु तक ६) पात्यायनी दशा ७) हद्दा दशा ८) मुद्रा दशा : जो ज्योतिष की ताजिक शाखा में आती है।

हम यहां विशोंत्तरी दशा का प्रयोग करेंगे। यह दशा जन्म कुंडली में चंद्र के अंश तथा उस नक्षत्र के स्वामी को दशानाथ से जानते है। महादशा की अवधि लंबी होती है तो यहाँ इस अवधि को आंतरदशा में भी विभाजीत किया है। महादशा में जिस दशानाथ की दशा होती है तो आंतरदशा उसी दशानाथ ग्रह से शुरु होकर क्रमानुसार आंतरदशा आती है। हर ग्रह की महादशा निश्चित है उसी नव ग्रह की आंतरदशा क्रमानुसार महादशा, आंतरदशा, प्रत्यंतर दशा, सुक्ष्मदशा तथा प्राणदशा होती है। इस तरह विशोंत्तरी दशा नक्षत्रो पर आधारित होती है। दशा में ग्रहो के क्रम नक्षत्र स्वामी ग्रहो के क्रमशः होते है।

उदा : चंद्र अश्विनी नक्षत्र मे है तो प्रथम केतु की दशा चलेगी बाद में भरणी - शुक्र की दशा होगी।

विशोंत्तरी दशा पध्दत्ति १२० वर्ष की होती है। यह दशा आत्मा से संकलित है। आत्मा से जुडी है। इस कारण जन्मो जन्म चलती है। यह दशा जन्म से पहले, जन्म के बाद और मृत्यु के बाद भी चलती है। सही में मनुष्य के श्वासों की संख्या को वर्षो में रुपांतरीत किया है। इसलिए यह अस्खलित चलती है।

इस प्रकार इस पध्दति से सही फलकथन किया जाता है। विस्तार से तथा सुक्ष्म स्वरुप से फल होता है।

ग्रह अपनी दशा में क्या फल देंगे और कब देंगे यह बात समझनी है।

१) दशानाथ सब से पहले जिस भाव में होगा उसी का फल देगा बाद में अपनी राशि के भाव का फल देगा।

२) ग्रह अपने स्वभाव तथा फारकत्व के फल देगा यदि कोई कारण कोई ग्रह कमजोर होगा तो फल में कमी होगी।

३) ग्रह अपने नक्षत्र स्वामी के कारकत्व का फल भी देता है।

जातक के जीवन में महत्वपुर्ण घटना, शादी, नोकरी, या शुभ -अशुभ घटना जो जीवन में बननेवाली हे या बनगई है यह दर्शाती है।

कुछ दशायें शुभ तो कुछ अशुभ होती है। जैसे दशा द्वारा कुंडली में ग्रहों की स्थिति है, ग्रह क्या योग बनाते है, उस प्रकार शुभ -मंगलकारी या अशुभ फल देते है।

विभिन्न ग्रहों की दशाओं की अवधि तथा परिणाम

१) केतु की दशा : ७ वर्ष

मोक्ष - अध्यात्मिक तथा गहन अध्ययन देता है। कमजोर केतु अशुभ ग्रहो की युति में दशा समय सगे-संबंधीयों से संबंधो को बिगाडती है।

२) शुक्र की दशा : २० वर्ष

धन संपत्ति आभुषण, विवाह, नौकरी, घर, संतान, मंत्रीपद, धार्मिक उत्सव, अच्छी भार्या देता है। यदि निर्बल शुक्र है तो परिवार में तनाव और हानि प्राप्त होती है।

३) शुर्य दशा : ६ वर्ष

सुर्य की दशा के पहले अवस्था का ज्ञान जरुरी है। उच्च, स्वगृही या मुल त्रिकोण राशि में है दिग्बलि है तो शुभ परिणाम प्राप्त होता है। निर्बल सुर्य दशा समय आत्मविश्वास की कमी, यश - मान - धन की कमी, हड्डीयो का कमजोर होना, सरकार से दंड, पिता-पुत्र विवाद, कष्ट या वियोग

४) चंद्र : १० वर्ष

भौतिक सुख -समृध्धि के लिए इसका बली होना आवश्यक वर्गोत्तम या शुभ योग में होने पर सफल जीवन देता है। निर्बल चंद्रमा की दशा में मानसिक असंतुलन अवसाद (उदासी) की स्थिति, यश-मान-धन हानि, माता के लिए परेशानी।

५) मंगल : ७ वर्ष

उच्च सामाजिक स्थिति, धन-संपत्ति, कृषि, भूमि-वाहन भाईयों में मधुर संबंध तथा शत्रु हंता बनाता है। निर्बल मंगल - दुर्गटनाये, रोग, चोरी, रक्त की बिमारी देता है। पुत्र - भाईयों से अनबन, पत्नी से मतभेद, चोट-घाव, कभी घमंडी या अधार्मिक होता है।

६) राहु : १८ वर्ष

धन-संपत्ति आजिवीका, नया घर, विवाह, विदेश में रहना (कायम स्वरुप) अन्य धर्म का प्रतिनिधित्व या विदेश से संबंध बनाना शुभ भाव से संबधित वैभव आनंद प्राप्ति लोकप्रियता, सफलता। कन्या, मिथुन या मीन का राहु अच्छा होता है।

निर्बल राहु - स्थान परिर्वतन, कलेश, विश्वासघात, धोखा जैसे परिणाम देते है। मान-यश-प्रतिष्ठा में गिरावट।

७) गुरु : १६ वर्ष

सरकारी लाभ, संतान, शिक्षा, स्वास्थ, धन-संपत्ति, विवाह, मित्रो से लाभ, श्रेष्ठ व्यक्तियोंसे सन्मान का अनुभव। निर्बल गुरु - निवास स्थान - परिर्वतन, धन-पुत्र हानी मानसिक तनाव।

८) शनि : १९ वर्ष

धन-संपत्ति, बचत, कर्मठ बनाता है। उच्च सामाजिक स्थिति, कृषी, व्यापार, शिक्षा से संबंधित आजिवीका । निर्बल शनि - असंतुष्ट, भय, चोरी, धन, स्वास्थ्य हानि, संतान कलेश, कारावास, वायु प्रकोप, गठिया, संधिवात, कृषिहानी, निम्नस्तर के लोगो से हानि।

९) बुध : १७ वर्ष

शिक्षा में उच्च प्राप्तियाँ, व्यापार वृध्दी, संचार-माध्यमसे आजिवीका, भाग्य, प्रशंसा प्राप्त होती है। निर्बल बुध - दिमाग की बिमारी चर्म रोग, शिक्षा में बाधा, चोरी, आग, सरकार भय, बुध - ६,८,१२ वे भाव में आय, उत्साह धन संपति पर दुष्ट प्रभावसे, पिलिया, वायु प्रकोप होता है। इस प्रकार बारह भाव के दशानाथ की दशा में शुभाशुभ परिणाम प्राप्त होता है।

दिप्त ग्रह की दशा में राजयोग सत्ता धन - सुख मिलता है। दशानाथ से भी आंतरदशा नाथ अधिक बलवान होता है। एक तरफी दृष्टी भी निर्बल बनाता है। महादशानाथ - आंतरदशा नाथ के बीच पंचधा मैत्री अनुसार मित्रता - शत्रुता देखना चाहिए।

विरुध्द प्रकृति वाले ग्रह दशा - आंतरदशा में हानि कारक फल देते है।

उदा. सुर्य में शनि की आंतर दशा

प्रमिला पांचाल



अपनी राशीके अनुसार व्यवसाय या कार्यका क्षेत्र

मेष राशिवालो के लिये पेशा और व्यवसाय :

खुद का व्यवसाय, नेतृत्व, सशकत बल, खिलाडी, व्यापारिक संगठन के नेता, अत्याधिक अधिकार वाले कुख्यात और शक्तिशाली लोग, शराब का सेवन, दंत चिकित्सक, न्यायिक कार्य, उपकरण, मशीनरी, हार्डवेअर, मैकेनिक, फायरमेन, उद्योग, कृषि, दवाएँ, रसायन, सर्जन, जुआ, बागवानी, आविशकारक, वास्तुकला, धातुकार्य, उर्वरक विक्रेता, सैन्य सेवा, सेना, इंजिनीयर, कसाई, सट्टेबाजी और लॉटरी।

वृषभ राशिवालो के लिये पेशा और व्यवसाय :

सेना मे इंजिनीयर, वाणिज्यक इकाई, वित्त प्रबंधक, लेखाकार, बँकर, शाहूकार, विलासिता के सामान का व्यवसाय, सिविल सेवक, खाधान्न, फल, बागवानी, पशुपालन, वेश्यालय, होटल, मूर्तिकार, जोहरी, बिल्डर, निर्माता, संपति डिलर, ललित कला, कला डिलर, गायक, सिनेमा, मॉडल, थिएटर, वाहन, मानसिक गतिविधियो सहित बौधिक क्षेत्र।

मिथुन राशिवाले के लिये पेशा और व्यवसाय :

शिक्षक, प्रवक्ता, गणिततज्ञ, लेखक, लेखाकार, इंजिनीयर, वैमानिक, अंतरिक्ष अनुसंधान, सचिव, स्टेनोग्राफार, टेलिफोन ऑपरेटर, आयात-नियात, सूतीवस्त्र उद्योग, पत्रकारिता, प्रेस - प्रकाशन, ट्रेवल एजंट, वाणिज्यिक यात्री, हवाईयात्रा, वायुसेना, समुद्र, शिपिंग, डाकिया, विक्रेता, निर्माता, टीप्पणीकार, आलोचक, डॉक्टर, बौधिक कार्य जिसमे मानसिक गतिविधी, संचार, प्रसारक।

कर्क राशि वालो के लिये पेशा और व्यवसाय :

नेतृत्व, पुराना डिलर, कलाबाजी, खेल, पन्हारा, नौसेना, जल परिवहन, बंदरगाह, मछली, समुद्री उत्पाद, नाविक, मोती, दुध, तरल और रसायन, हथियार, विस्फोटक, हस्तकला,कपडा उद्योग, खाद्य प्रबंधक, संगीत, नृत्य, अभिनय, शस्त्र, विज्ञान।

सिंह राशि वालो के लिये पेशा और व्यवसाय :

प्रशासन, सैन्य और राजनीतीक सेवाऐ, जौहरी, सोना, शिक्षक। कार्यकारी नौकरीया, तकनीकी और वैज्ञानिक सेवाऐ, पेशेवर खिलाड़ी, अभिनेता, अभिनेत्री, कला, सरकार और कूटनितीमें प्रसिध्धी, अनुसंधान, भूविज्ञान, होटल, भोजन, कृषि,वन, पशु, कोयला, पत्थर, संगेमरमर, पशुपालन, पहाडिया।

कन्या राशिवालो के लिये पेशा और व्यवसाय :

लेखाकार,अभिनेता, लेखक, शिक्षक, लिपिक,आलोचक, चार्टड अकांऊटंट, वागनोसे संबधित, दंत चिकित्सक, ललितकला, रत्न, सोना, मानसकि गतिविधि से संबधित बौधिक कार्य, जोहरी, कला और उद्योग, व्यापार प्रबंधन, गणित प्रशिक्षण प्रबंधन, नर्स, रीडर, विद्यान, गायक।

तुला राशिवालो के लिये पेशा और व्यवसाय :

वैमानिकी सलाहकार, ब्युटीशियन, सिनेमा, अभिनेता और निर्देशक, ललितकला, फल, पशु, खाधान्न, रत्न, जौहरी, न्यायाधीश, न्याय और कानूनी अदालत, वकील, मुकदमेबाजी, मध्यस्थता कार्य, चितित्सा, रबर, अंतरिक्ष, परिस्कृतकला, शिक्षक, परिवहन, कपडा उद्योग।

वृश्चिक राशिवालो के लिये पेशा और व्यवसाय :

सेना, रक्षासेवा, सैनिक, कला के क्षेत्र मे विशेष प्रतिष्ठा, सरकार और राजनायिक, अनाज व्यापार, औद्योगिक उददम, अविस्कारक, रसायनरी, अनुसंधान, वैद्यानिक, चिकित्सका, शल्यचिकित्सक, डॉक्टर, महिलाओसे संबंधित, लोहा और स्टील, भंडारण बंदरगाह, गुपी या अदृश्य कार्य, अदालते और वकील।

धनु राशिवालो के लिये पेशा और व्यवसाय :

मंत्री, सेना कमांडर, प्रवक्ता, शिक्षक, प्रोफेसर, प्रकाशक, दार्शनिक, सलाहकार, कार्यकारी अधिकारी, सिविल इंजीनीयर, पार्षद, अविस्कारक, पुजारी, पशुचिकित्सक, पशुपालक,अश्वारोही, वकील, पेशेवर खिलाडी, पशुपालन, लेखाकार।

मकर राशिवालो के लिये पेशा और व्यवसाय :

वास्तुकार, प्रबंधन, महान अधिकार और प्रतिष्ठावाले व्यवसायो मे शक्तिशाली लोग, कुटीर उद्योग, इंजीनीयर, रसायन, बिल्डर, निर्माता,दंतचिकित्सक, किसान, सार्वजनिक कार्य, गहन ध्यान, बागवानी उपकरण, जलीय उत्पाद। समुद्री उत्पाद, सिविल सेवक, वैज्ञानिक, कार्यक्रम, सर्वेक्षण या बैक जिम्मेदार कार्यकारी कार्य, बंदरगाह, आश्रय।

कुंभ राशिवालो के लिये पेशा और व्यवसाय :

ज्योतिषी, पुरातत्वादक, रवगोलविद, वैज्ञानिक, इंजिनीयर, अन्वेषक, कंम्प्यूटर प्रोग्रामर,बौधिक मानसिक गतिविधिया, स्थानीय निकाय, समाजशास्त्री, पायलट,चोरी, इलेक्ट्रीशयन, प्रचारक, प्रसास्क, रोडियोग्राफर, अग्नीशमन सेवा,शाब्दिक भटियाँ, रक्षात्मक हथियार, शारीरिक श्रम ।

मीन राशिवालो के लिये पेशा और व्यवसाय :

पुजारी, लेखक, अध्यात्मिक शांतीदुत, अंतरराष्ट्रीय व्यापार, नाविक, कलाकार, अभिनेता, अभिनेत्री, आयात-निर्यात, नौवहन, नौसेना, जल आपूर्तिकार्य, अस्पताल, अस्पताल के कर्मचारी, नर्सिंग होम, यौन सामग्रीमे सफल, शस्त्र, पशुचिकित्सक, जेल कर्मचारी, फोटोग्राफी, द्रव्य विशेषकर, किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ, रेस्टोरेंट और कॉफी हाऊस इत्यादी।

व्यापार महीं चल रहा है तो कब तक चल पाएगा

व्यापार जोकि रोजीरोटी के साथ जीवन के हर एक चीज से संबध रखता है। धन भी व्यापारसे आएगा और अच्छा जीवन भी रोजगारसे बनेगा। व्यापार नुकसान दे रहा है तब कबतक व्यापार से लाभ होने शुरु हो जाएगा, कब समय व्यापार उनिनती, व्यापारसे लाभ के लिए अच्छा है और क्या उपाय करे जिससे व्यापारमें खूब उनती हो जाए इसी बारेमें बात करते है! व्यापारमे अच्छी स्थिति और लाभ हो और नुकसान न हो इसके लिए जरुरी है व्यापार योग अच्छे हो, जैसे की व्यापार ग्रह बुध बलवान हो, बुधके साथ दसवा भाव दसमे भावस्वामी बलिहो, दुकानदारी व्यापार है तब ७ वा भाव और उसका स्वामी बलवान हो और धनलाभके भाव दूसरे और ग्यारवे भाव अच्छी स्थिती मे है तब व्यापारसे फायदा होगा, व्यापार अच्छा भी चलेगा जबकी यह भावोमेसे कोईभी एक भाव अच्छी स्थिति में नही है तब व्यापारमे उसी तरफसे नुकसान होगा जैसे ११ भाव अच्छा नही है तब आर्थिक लाभ व्यापार मे न होकर नुकसान होता रहेगा या लाभ की मात्रा नही बढेगी। व्यापार योग पूरी तरह से है तब उपाय करके व्यापार अच्छा चलने लगेगा बाकी व्यापार योग नही है तब जोब करना ही उत्तम है।

अब कुछ उदाहरणोंसे समझते है व्यापारमे नुकसान हो रहा है या उन्नती नही हो रही है तब कैसे लाभ होगा और क्या व्यापार जो कर रहे है वह कुंडली अनुसार ठीक है या नही या क्या करे ? उदाहरण अनुसार मेष लग्नमे १० वे भाव का स्वामी शनि बलवान है साथ ही धन स्वामी शुक्र और दुसरा ग्यारहवा भाव सहित व्यापार ग्रह बुध भाबलवान है तब ग्रहदशा अनुकुल हो इसके उपाय या जोभी भाव व्यापार से संबधित कमजोर है उस भाव के उपाय करनेसे व्यापार मे आर्थिक और व्यवसायिक लाभ होने लगेगा।

उदाहरण अनुसार गलत व्यवसाय का चयन :

उदाहरण अनुसार धनु लग्न : धनु लग्न मे ७ वे और १० वे भावस्वामी बुध अत्यंत बलवान होकर यहां बलवान और शुभशक्ति और शुक्रके साथ संबंधमे है तब व्यापार चलेगा लेकीन यहा व्यापार शनि और शुक्र प्रधान चीजें जैसे लोहा, लोहे से बने सामान, तेल, कॉस्मेटीक शोप, ज्वेलरी, कपडेका काम आदि ही लाभ देगा। जबकी इन शुक्र, शनि, बुध से संबंधी काम नही है तब भी व्यापार मे नुकसान होगा।

अब व्यापार योग है तब कुंडली अनुसार जिनकामो के व्यापारमे सफलता है उस चीजके व्यापार करने से लाभ होगा जबकी कुंडली अनुसार व्यापार संबंधी धन या धनलाभ या व्यापार करानेवाले ग्रहोमे दिक्कते है तब उपाय करनेसे व्यापार सही तरह से चलकर लाभ देगा, जबकी व्यापार ग्रहयोग नही है तब नौकरी या जिसभी कार्यक्षेत्र मे रोजगार ग्रह ने बना रखा है उस कार्य को करने से रोजगारमें सफलता मिलेगी।

शेयर मार्केट कीसको बनायेगा करोडपति

शेयर मार्केट मे अगर किस्मत साथ दे तो इन्सान लखपति क्या करोडपति, अरबोपति बन जाता है।

कुंडलीका ५वा भाव शेयर मार्केट का है तो ११वा भाव शेयर मार्केट से लाभ मिलनेका है तो राहु, सूय, गुरु, बुध है इस कारण सर्व प्रथम कुंडलीमे राहु, सूर्य, बुध गुरु बलवान हो या रहे और ५ वा भाव और ५ वे भाव स्वामी का संबंध ११ वे भाव स्वामी से कुडंली बना रहा है तब शेयर मार्केट से अच्छा धन लाभ होगा इसके अलावा शेयर मार्केट योग होने पर ५ वे और ११ वे भाव या ५ वे और ११ वे भाव स्वामी से राजयोग बन रहा है या राजयोग कुंडली मे बना हुआ है और दूसरा भाव जोकी इन का है बहुत मजबुत है कुंडलीमे तब शेयर मार्केट से धनवान बन जाऐंगे।

अब कुछ उदाहरण से समझते है शेयर मार्केट से पैसेवाला कौन ?

उदाहरण अनुसार मिथुन लग्न : मिथुन लग्न कुंडलीमे ५वे भाव स्वामी शुक्र और ११ वे भाव स्वामी मंगलका संबंध है और दुसरा भाव जोकी धनका है यह बलवान है तब शेयर मार्केट से अच्छा धनलाभ रहेगा। अब ५ वे भाव या ५ वे भाव स्वामी से कुंडलीमे राजयोग बन रहा है तब शेयर मार्केट से लखपति, करोडपति, अरबपति बन जाऐंगे।

उदाहरण अनुसार तुला लग्न :

तुला लग्नमे ५ वे भाव स्वामी शनिका संबंध ११वे भाव स्वामी सूर्य से है और राहु, गुरु, बुध मजबूत है तब शेयर मार्केट योग है, लाभ होगा। अब यहाँ ५ वे भाव स्वामी शनि और ११ वे भाव स्वामी सूर्य राजयोग मे है तब शेयर मार्केट खेलनेसे पैसेवाले धनपति बन जाऐंगे।

उदाहरण अनुसार कुंभ़ लग्न :

कुंभ लग्न में ५ वे भाव स्वामी बुध तो ११ वे भाव स्वामी कुंडलीमे गुरु अगर संबंध बनाकर बैठे है और राहु, सूर्य भी कुंडली मे मजबुत है तब शेयर मार्केट से अच्छा लाभ योग है। अब यहाँ ५ वा भाव और ५ वे भाव स्वामी राजयोग मे है तब शेयर मार्केट से धनवान बन जाऐंगे

शेयर मार्केट से धनवान बनने के रास्ते बने हुए है तब अच्छा समय आने पर शेयर मार्केट खेलनेसे भाग्य के व्दार खुल जाऐंगे।

डॉ. हरीलाल मालदे
F.R.M.P., G.R.M.P., SBM

वक्री ग्रह
कुंडली में वक्री ग्रहो का महत्व

पृथ्वी और ग्रहो की गति में परिवर्तन होने पर ग्रह वक्र या स्थिर हो जाते है। ऐसे समय में वे ग्रह वक्र या स्तिर दिखाई देते है क्योंकि वे पृथ्वी के करीब और सूर्य से दुर होते है।

पंचांग में वक्री ग्रहो को राशी चरण खण्ड में घटमे दिखाया जाता है, जब ग्रह सूर्य से ६, ७, ८पर आते है तो वक्री हो जाते है, सूर्य चंद्रमाँ सदेव माग्री ही चलते है, राहु-कोड सदेव वक्री गति से चलते है।

ग्रहो के पारागमन का समय

१) मंगल ग्रह पर वर्ष लगभग ८० दिन का होता है।

२) बुध वर्ष ३ से ४ बार

३) गुरु वर्ष में लगभग ३ से ४ महिने

४) शुक्र वर्ष में ४५ दिनो तक वक्री होता है।

५) शनी २ १/२ वर्ष में दो बार वक्री होता है।

वक्री ग्रहो की अमार दशा ओ के परिणाम उतार-चढाव वाले होते है।

जन्म का वक्री ग्रह गोचर में वक्री होने पर भी परिणाम देता हुआ देखा जाता है। देखे की जन्म से पहले कोनसा ग्रह वक्री था और जन्म के समय वक्री होने के बाद कितने दिन बीत चुके थे। यह वक्री ग्रह इस दिन के बराबर एक वर्ष के बाद जातक को परिणाम देता हुआ देखा जाता है।

जब गोचर में अशुभ ग्रह जन्म के समय अशुभ ग्रह के उपर से गुजरता है तो बल तो अच्छा होता है लेकिन परिणाम अशुभ ही रहता है इसी तरह जब गोचर में अशुभ ग्रह के समय शुभ ग्रह के उपर से गुजरता है तो शुभ और शक्तिशाली परिणाम मिलता है।

गोचर में बुध वक्री : किसी भी समजोते पर हस्ताक्षर न करे। बातचीत मे सावधानी बरते।

शुक्र वक्री : प्रेम बढता है जीवन का मूल्य समझ मे आता है।

मंगल वक्री : अहंकार बढता है। वाद-विवाद, लडाई-झगडा, दुर्घटना आदि हो सकती है।

गुरु वक्री : लोगों को आध्यात्मिक ओर दार्शनिक बनाता है। लोग संकीर्ण सोच वाले बन जाते है।

शनि वक्री : व्यापार में परेशानी हो सकती है। जिम्मेदारी न लें।

नेपच्युन वक्री : बुद्धि बढेगी। बुरे लोगो से दुर रहें।

प्लुटो वक्री : गोचर में पाप ग्रह एक साथ वक्री हो तो समाज में अपराध बढ़ जाते है।

कुंडली में विभिन्न ग्रहो के वक्री होने पर अपेक्षित परिणाम :

मंगल : बहुत सी परेशानीया होती है, सारे काम बिगड़ जाते है, जातक धमकिया देता है, अजीब सा गुस्सा, हाथ मे लिये गये प्रोजेक्ट धीमे हो जाते है, घर के व्यक्ति से लगाव कम हो जाता है, मंगल की दशा में अग्नि शत्रु प्रताडने का भय रहता है और अकेले रहेना पसंद होता है, वह मंगल शुभ हो तो काम करने की प्रबल इच्छा और लडनेकी ताकत आती है।

बुध : जातक को अपनी बात दुसरो को समजाने में दिक्कत होती है जब बुध वक्री होकर ५ भाव मे होतो जातक की बुद्धि कम काम करती है बुध वक्री होने पर लोग अंतर्मुखी हो जाते है। बुध गोचर मे वक्री होता है तो बाजार में अफरातफरी मच जाती है।

गुरु : जातक को धर्म, आध्यात्म, नैतिकता आदि के मामलो में कठिनाईयों का अनुभव होगा, पर बुद्धिमान होते है, इन्हे रास्ता नीकालना आता है, यह खुद को अपनी मर्जी का मालिक मानता है, शत्रुओ पर विजय और पारिवारिक सुख-समृद्धि देता है, एसे जाताक घाटे मे चल रही कंपनी को उठाकर ऊपर ला सकते है।

शुक्र : हालांकी वे भावनाओ को बहुत हगराई से समज सकते है, लेकिन उन्हे व्यक्त नही कर पाते और इसलिये इन्हे रिश्ते बनाने य बनाये रखने में कठिनाई होती है, इनका वैवाहिक जीवन अच्छा नही रहता, ये मंत्र और तंत्र मे रुची रखते है।

शनी : गुप्त ज्ञान की और झुकाव बढता है, लेकिन अपने वरिष्ठो से नही पटता, जीम्मेदारी नही लेता, जहां बैठा है, वहा से सातवे भावका प्रभाव दिखाता है, पर फिजुलखर्ची और मानसिक तनाव देता है। मानसिक तनाव के कारण एकांत पसंद होता है।

हर्षल : प्रेरणा अच्छी है। शरिर और आत्मा एक दुसरे से जुडे हुए है। ऐसे लोग अपनी बदलती जीवन शैली के कारण झगडते रहते है।

नेपच्युन : सपनो से जुडेलोग। वास्तविकता से दुर भागने पर ये लोग रचनात्मक बन जाते है।

प्लुटो : इन लोगो में अहंकार होता है। ये लोग दुसरों पर भरोसा नही करते लेकिकन राजनीती में यह प्लुटो फल देता हुआ नजर आता है।

हरि ॐ

- नितिन भट्ट

नवमांश कुंडली

नवमांश कुंडली इसलिए महत्वपुर्ण है क्योंकि यह राशि और नक्षत्र को जोड़ने वाली कड़ी है। इसी वजह से सभी राशि मे नव नवांश है (२१/४ नक्षत्र बराबर नव नवांश), बारह मे से तीन राशि लुप्त /hidden राशि है। उसमे बारह नहीं सिर्फ नव राशि आती है। आखिरकार, शायद कर्म, आय और व्यय ही वे तीन चीजें हैं जो किसी व्यक्ति के जीवन का निर्धारण करती हैं। दसमांश कुंडली मे दो राशि लुप्त होती है। नवम भाव आपके पिछले जन्म में आपके द्वारा किए गए कार्यों का प्रतिबिंब/प्रतिक्रिया है, जिसे आप इस जिवन में भाग्य कहते हैं। यह उन लोगों के लिए है जो पुनर्जन्म में विश्वास करते है। आहार, निंद्रा, भय, मैथुन ये मनुष्य और पशु मे समान है। इंसान मे केवल धर्म है अर्थात बिना धर्म के व्यक्ति पशु तुल्य है। नवमांश याने नौवे भाव की ऊर्जा है। तो आप नवमांश लग्न लेते है और राशि चार्ट पर वापस लेते है जो पिछले जन्म के गुरू को दर्शाता है, कैसे गुरु ने पिछले जन्म से मेरी रक्षा की और मुझे इस जन्म में लाया। आप इस जन्म में कैसे आये ? तुम्हे कौन मिला ? गुरू आपकी आत्मा का गुरू है, वो आपके शरीर का गुरू नहीं है, वह तुम्हारे मन का गुरू नहीं है। आप पिछले जन्म से इस जन्म में जो आये है वह आपकी आत्मा है। याद रखे पिछले जन्म से इस जन्म तक जो आ रहा है वह आपकी आत्माहै। इस लिए केवल एकमात्र चीजे जो नवमांश के माध्यम से आ रही है वह आपकी आत्मा है। इसलिए नवमांश लग्न जब राशि चार्ट मे देखा जाता है तो आपका गुरू आखरी/पिछले जन्म से आ रहा है यही कारण है इसे लग्नांशक कहा जाता है। वह (गुरू) छत्र- वह आश्रय है क्योंकि आपने पिछले जन्म में उस गुरु के साथ आश्रय लिया। बृहस्पति हंमेशा ज्ञान का प्रकाश देते रहते हैं, बिना यह सोचे कि बदले में आपको कुछ मिलेगा या नहीं, क्योंकि उन्हें बदले में कुछ नही चाहिए, बल्कि सत्य देना है। आपको wisdom देखो गुरु के जो ९, १२-धन, मीन वो ३,६,१०,११- उपचय को नियंत्रण /control मे लेकर रखा है। शनि के दोनों घरों को गुरुने अपने अधीन /under मे लेकर रखा है –शुभ कर्तरी मे /hemmed/ घेरे रखा है। बाकी बुध के दो घरों को देखते है। जहा पर आपका freewill –स्वतंत्र निर्णय लेना है। यही उपचय -३,६,१०,११ घर है। और जब आपका स्वतंत्र निर्णय लेना हो और कोई आपको अच्छा और सच्चा सलाह देनेवाला हो लगातार आपको शुभ तरीकेसे कर रहा हो और नवम घर में अच्छे ग्रह हो, आपका नवमेश दसम घर मे हो राशि ग्रह जब दशा मे पूरी हो जाए परिक्रमा /circuit पूरा होता है।

मेष राशि में तुला नवांश का ग्रह है – १-७ संबंध – उसका बहुत स्पष्ट agenda / कार्यसुची यह है की वो आपको संबंध relationship/-रिश्ता मे लेकर जा सकता है, साजेदारी / भागीदारी मे लेकर जा सकता है।

तुला राशि में तुला नवांश का ग्रह है – १-१ संबंध –धन और समृद्धि दे सकता है क्योंकि दोनों तरफ तुला बहुत समृद्धि की राशि है।

वृषभ राशि में तुला नवांश का ग्रह है – ६-८ संबंध - संसाधन /resources की वृषभ राशि वो तुला मे जा रही है दोनों पैसा देनेवाली राशि है।

वो कोनसे भाव से संबंधित है और शुक्र की स्थिति कैसी है ध्यानमें रखकर देखिए वही नवांश तुलाका १-७, ७-७, ६-८ तिनो का परिणाम / फल अलग है। तो कभी भी सिर्फ नवांश देखकर फल/परिणाम नहीं देना है।

उसके पृष्ठभूमि है (१) कहा से नवांश है (२) वो किसको संबंधित करताहै वो नवांश – वो देखना है। जिस तरीके से एक ही राशि मे नव नवांश होते है। अगर बोलू की सातवे घर के अंदर तुला का नवांश और पहले घर के अंदर तुला का नवांश हो तो दोनों मे जमीन आसमान का अंतर होता है क्यू की हरेक घरका agenda /कार्यसूचीअलग है। तो इस तरीके से आप देखिए की वही नवांश इस पर निर्भर करते हुए किस घर पर नवांश बन रहा है।

समग्र विश्लेषण

d-1 लग्न से निर्णय लेने के बाद d-9 लग्न से भी निर्णय लें

किस ग्रह की शक्ति, शुभता या कमजोरी का निर्णय d-1 और d-9 लग्न दोनों से ही नवमांश में किया जाना चाहिए।

d-1 लग्न प्रत्यक्ष परिदृश्य को प्रकट करेगा

d-9 लग्न विश्लेषण को और भी बेहतर बनाएगा

d-1 और d-9 लग्न दोनों से शुभ ग्रह ही पूर्ण शुभता देगा

दोनों लग्नों से खराब स्थिति में स्थित ग्रह बहुत नकारात्मक परिणाम देगा

d-1/d-9 लग्न से लाभकारी लेकिन d-1/ d-9 लग्न से खराब स्थिति में स्थित ग्रह मिश्रित परिणाम देगा

डी -1 के त्रिकोण के भाव / ग्रह, डी -9 में त्रिकोण में जाए डी -1 के केंद्र के भाव / ग्रह, डी -9 में केंद्र में जाए डी -1 के त्रिकोण के भाव / ग्रह डी -9 में केंद्र में जाए

तो शुभ भाव / ग्रह synastry (संभवित संगतता और संबंध निर्धारित / निश्चित करने के लिए दो या अधिक लोगों की कुंडली के बीच तुलना)

डी -1 के त्रिकोण के भाव / ग्रह, डी -9 में दुस्थान (६,८,१२) में जाए

तो अशुभ भाव / ग्रह synastry (संभवित संगतता और संबंध निर्धारित / निश्चित करने के लिए दो या अधिक लोगों की कुंडली के बीच तुलना) उसी तरह डी -1 लग्न और उसके बारह भावों, डी -9 का लग्न बन जाए। तो शुभ भाव / ग्रह synastry (संभवित संगतता और संबंध निर्धारित / निश्चित करने के लिए दो या अधिक लोगों की कुंडली के बीच तुलना) जीवन के मार्ग के बारे मे एक संकेत होगा।

नवमांश में स्थित ग्रह,राशि चार्ट डी-1 में अपने राशि स्वामी की ताकत की जांच करें। यदि डी-1 में उसका राशि स्वामी यानी डिस्पोजिटर उच्च, सेवा, मित्र, केंद्र कोना, दिग्बल, वर्गोत्तम आदि में है, तो

उसके नवमांश में ग्रह अत्यधिक मजबूत होगा। यदी डी-1 में उसका राशि स्वामी यानी डिस्पोजिटर नीच, ६वें ८वें, १२वें, अस्त, गंडात, पाप ग्रहों के साथ, राशि का अंत या आरंभ, पापकर्तरी आदि उसके नवमांश में बैठता है तो ग्रह कमजोर और शक्तिहीन हो जाएगा। नवमांश में ग्रह लेकिन उसका डिस्पोजिटर बल डी-1 में देखें और डी-9 में नहीं। यह बहुत महत्वपूर्ण है। राशि चार्ट में नवमांश राशि का डिस्पोजिटर की स्थिति देखनी होगी यह अस्त, दुर्बल या किसी अन्य तरह से पिड़ित नहीं होना चाहिए।

